

# प्रदेश का प्रथम आवासीय नशा मुक्ति केन्द्र का हवालबाग में हुआ शुभारम्भ

## केन्द्र में 01 माह की नशा मुक्ति क्रियायें चलेगी

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

जनपद में प्रदेश का प्रथम आवासीय नशा मुक्ति केन्द्र का शुक्रवार को हवालबाग के प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र में शुभारम्भ हो गया है। 10 बेड के इस आवासीय नशा मुक्ति केन्द्र में 01 माह की नशा मुक्ति क्रियायें चलेगी। जिसमें शान्तिकुंज हरिद्वार से आये प्रशिक्षक राम सिंह शर्मा व आशोक सिंह द्वारा प्रभावितों को पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद सहित अन्य क्रियाकलापों द्वारा नशामुक्ति का प्रशिक्षण दिया जायेगा। शुक्रवार से ही 04 रोगियों का इलाज प्रारम्भ हो गया है।

केन्द्र के शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यह अभिनव पहल की गयी है जो नशे की गिरफ्त में आये लोगों के पुर्नवास के लिये मील का पत्थर साबित होगा। वर्तमान में नशा एक सामाजिक बुराई बन गयी है इससे छुटकार दिलाने के लिये यह केन्द्र बहुउपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की ओर से केन्द्र के लिये पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि नशे से पीड़ित व नशे के आदि हुये व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये इस नशामुक्ति केन्द्र को बनाने का निर्णय लिया गया। वर्तमान युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति चिन्तनीय है इससे युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के नशे में लिप्त व्यक्ति को इस केन्द्र में विभिन्न क्रिया कलापों के माध्यम से नशे से छुटकारा दिलाने का प्रयास किया जायेगा। डीएम ने शान्ति कुंज के द्वारा दिये गये सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी नशे से पीड़ित व्यक्ति नोडल अधिकारी से सम्पर्क कर यहां पर सहायता ले सकता है। इस अवसर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ददनपाल ने कहा कि नशे की प्रवृत्ति समाज की एक गम्भीर समस्या बन चुका है जो एक दशक में बहुत बढ़ गया है। इस तरह के केन्द्र खुलने से नशे के आदी व्यक्तियों को छुटकारा दिलाया जा सकता है। कार्यक्रम में सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण डा. योगेन्द्र कुमार सागर ने नशे को रोकने के लिये विधिक सेवा द्वारा चलाये जा रहे अभियान की जानकारी दी।



आवासीय नशा मुक्ति केन्द्र के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम।

## सुपरफास्ट खबरें

### केदारनाथ हाईवे पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, युवक की मौत

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे पर तिलवाड़ा बाजार से करीब दो सौ मीटर पहले रुद्रप्रयाग की ओर एक बाइक दुर्घटना होने से बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया।

### झाड़ियों में गुलदार का शव मिला

**संवाददाता** कोटद्वार। कोटद्वार में लैंसडौन वन प्रभाग के कोटद्वार रेंज के अंतर्गत रामपुर गांव की सरहद में झाड़ियों में गुलदार का शव मिला है। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद इसको जलाकर नष्ट दिया। वन अधिकारी प्रथम दृष्टया गुलदार की मौत उनके आपसी संघर्ष का परिणाम मान रहे हैं। मृत नर गुलदार की उम्र आठ से दस वर्ष के बीच है। पशु चिकित्सकों से शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद इसको जलाकर नष्ट कर दिया।

### बोलेरो कार खाई में गिरी, एक व्यक्ति की मौत, आठ लोग घायल

**संवाददाता** ऋषिकेश। लक्ष्मण झूला–नीलकंठ मोटर मार्ग पर पीपलकोटी के पास एक बोलेरो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को हरिद्वार से एक बोलेरो कार नौ यात्रियों को लेकर नीलकंठ दर्शन को आई थी।

### युवक ने फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त की

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गुमानीवाला क्षेत्र में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। पुलिस मामले को पारिवारिक कलह से जोड़कर देख रही है। जानकारी के मुताबिक अमित ग्राम गुमानीवाला निवासी सूर्य राज शर्मा (26 वर्ष) पुत्र स्व. राजकुमार शर्मा, रावत प्लॉट गली नंबर–10 अमित ग्राम गुमानीवाला में किराये के मकान पर अपने परिवार के साथ रह रहा था। बीती देर रात स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि सूर्य राज ने अपने कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली है।

## प्राथमिक विद्यालयों में संचालित होने वाले प्रोजेक्ट आंकलन की बैठक आयोजित

# अधिकारियों के योगदान से बच्चों का संवरेगा भविष्य

### जिले के अधिकारियों ने 116 स्कूलों को लिया है गोद

रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल की अध्यक्षता में जिले के अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए 116 प्राथमिक विद्यालयों में संचालित होने वाले प्रोजेक्ट आंकलन की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों के न्यून योगदान से बच्चों का भविष्य उज्जवल व जीवन परिवर्तन हो सकता है।

प्रोजेक्ट आंकलन के तहत जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा गोद लिये गये 116 विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा तीन, चार व पांच के विद्यार्थियों का विषयवार आंकलन प्रश्नावली को डीएम के कुशल निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूड़ा द्वारा विकसित किया गया है। यह एनसीईआरटी व एससीईआरटी के मासिक पाठ्यक्रम पर आधारित है और गणित, अंग्रेजी व पर्यावरणीय अध्ययन विषयों की परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। प्रश्न–पत्र में तीनो विषयों से दस–दस बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे व बच्चों का ई–रिपोर्ट कार्ड बनेगा। इसका उद्देश्य आंकलन प्रश्नावली के माध्यम से जनपद के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के वास्तविक शैक्षिक प्रगति की जानकारी होना है। साथ ही सम्बन्धित विद्यालय के शिक्षक माहवार विषयगत कठिन स्थलों तथा धीमीगति से सीखने वाले विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें निदानात्मक शिक्षण प्रदान कर सकेंगें। प्रोजेक्ट आंकलन के तहत हर माह जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा गोद लिये विद्यालय में परीक्षा तिथि को निर्धारित समय से पूर्व जाकर अपनी देखरेख में परीक्षा को सम्पन्न करवाया जायेगा।

परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त विद्यार्थियों के ओएमआर उत्तर प्रपत्र संकलित कर लिफाफे में सील कर प्रश्न प्रत्र प्राप्ति केन्द्र पर जमा करेंगें। परीक्षा को सम्पन्न करने के उपरान्त सभी माह के प्रश्नपत्र एवं परिणाम विश्लेषण को प्रकाशित किया जाएगा। उत्तर पत्रकों को त्रिहरि स्मार्ट सोलुशन संस्था द्वारा जांच कर साफ्टवेयर के माध्यम से रिपोर्ट जिलाधिकारी व डायट को प्रस्तुत की जाएगी।



अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल।

### राज्यमंत्री रेखा आर्य के पति की गिरफ्तारी पर कोर्ट ने लगाई रोक

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने जमीन सौदे में फंसे महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है। साथ ही एसएसपी ऊधमसिंह नगर व शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। इस मामले में पुलिस साहू के खिलाफ निचली कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। दरअसल, बरा पुलभट्टा किच्छा जिला ऊधमसिंह नगर निवासी रमेश चंद्र तिवारी द्वारा राज्य मंत्री के पति गिरधारी साहू निवासी लालपुर नायक हल्द्वानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। निचली अदालत में पुलिस ने इस मामले में साहू के खिलाफ धारा–420, 467, 468, 120 बी व अन्य धाराओं में चार्जशीट दाखिल कर दी है। गिरफ्तारी से बचने के लिए साहू द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई, जिसमें गिरफ्तारी पर रोक लगाने के साथ ही चार्जशीट निरस्त करने की मांग की है।

# विस उपाध्यक्ष ने चौपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं

### ■आर्थिक सहायता के चैक बांटे

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान अल्मोडा विकास खण्ड भैसियाछाना के बूंगा, नौगांव,कुनखेत, मंगलता,रोयत,पीपली,गैनार आदि क्षेत्रों मे चौपाल लगाकर जन समस्याएं सुनी एवं जरूरतमंद लोगों को विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता के चौक वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेंद्र सिंह मंडल, महामंत्री मंगल रावत, पूर्व जेयष्ठ ब्लाक प्रमुख गणेश चम्याल, गोविंद सिंह मेहता, लक्ष्मण सिंह नेगी, भगवान रावल आदि सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



विस उपाध्यक्ष लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित करते हुए।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दो बजकर चालीस मिनट पर केदारनाथ हाईवे में अनिल रावत पुत्र राजेंद्र सिंह रावत उम्र 25 निवासी कोटी अगस्त्यमुनि जनपद रुद्रप्रयाग तिलवाड़ा बाजार से दो सौ मीटर पहले रुद्रप्रयाग की ओर आ रहा था कि इसी बीच उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर गया।

सूचना पर स्थानीय लोगों के साथ ही पुलिस की मदद से अनिल रावत को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया। बाइक में उसके साथ उसकी बहन भी सवार थी, जिसे किसी तरह की चोट नहीं आई। पुलिस के मुताबिक दोनों देहरादून से अपने घर आ रहे थे।



# पांच सौ साल पुराना है नंदा देवी महोत्सव का इतिहास

नैनीताल। **संवाददाता**

सरोवर नगरी में धार्मिक आस्था, श्रद्धा व विश्वास के प्रतीक नंदा देवी महोत्सव को श्रीराम सेवक सभा 116वीं बार मना रही है मगर स्थानीय निवासी प्रो. जीएल साह ने शोध के आधार पर दावा किया है कि नंदा महोत्सव का इतिहास करीब पांच सौ साल पुराना है। उन्होंने कहा कि नंदा देवी हिमालय की कुलदेवी है। पूरे जम्मू–कश्मीर से असम तक समेत उत्तराखंड देवीमय है। पश्चिम क्षेत्र को हिंदुकुश हिमालय में बलूचिस्तान हैं। वहां देवी को नैनास्वाबा व ननाबीबी के नाम से जाना जाता है।

देवी चरवाहों व जनजातियों के समाज की रक्षक है, इसलिए वह समाज की श्रद्धेय है। कहा कि नैनीताल त्रिऋषि सरोवर है। लोक श्रुतियों इतिहासकार मधुसूदन खोलिया, डॉ. मदन चंद्र भट्ट व वैष्णव आदि का हवाला देते हुए कहा कि अनुसार कुमाऊं में थान अर्थात जागृत देवालय की परंपरा रही है।